## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर सांसद रामचरण बोहरा को ई-मेल पर जान से मारने की धमकी, लिखा- दिल्ली बहुत दूर है, रास्ते में जहां मिलोगे, तुम्हें वहीं मार देंगे

**जयपुर।** जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा को ई-मेल पर जान से मारने की धमकी दी गई है। सांसद के ऑफिशियल मेल पर लिखा है-दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे, तुम्हें वहीं जान से मार देंगे। जवाहर सर्किल थाने में सांसद बोहरा के निजी सहायक अरुण शर्मा ने स्र्व्रढ्ढक्रदर्ज करवाई है। पुलिस की स्पेशल टीम जांच कर रही है।

**जवाहर सर्किल थाने में दर्ज करवाई एफआईआर :** पुलिस ने बताया-बगरु वालों का रास्ता, चांदपोल बाजार निवासी सांसद के निजी सहायक अरुण शर्मा ने जवाहर सर्किल थाने में बुधवार को एफआईआर दर्ज करवाई है। निजी सचिव ने बताया- ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर सभी मेल चेक कर किए जा रहे थे। सुबह करीब 4~30 बजे अरविन्द कुशवाह नाम की आईडी से एक मेल आई हुई थी।

**निजी सहायक ने रिपोर्ट कराई :** निजी सहायक अरुण शर्मा ने बताया- अरविंद कुशवाह की मेल में लिखा था- हम आपको जान से मार देंगे। दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे, तुम्हें वहीं जान से मार देंगे।

### राज्यपाल ने नवमी पर पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की



जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने नवमी पर भगवान श्री राम और मां दुर्गा से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मिश्र रामनवमी पर राजभवन में राजराजेश्वर मंदिर प्रांगण में किए गए यज्ञ की पूर्णाहुति में सम्मिलित हुए। उन्होंने वहां पूजा अर्चना कर भगवान की आरती की। राज्यपाल मिश्र ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राकट्य उत्सव पर उनके आदर्शों और मर्यादा पालन से सीख लेने का आह्वान किया।

### सांसद रामचरण बोहरा को मिली जान से मारने की धमकी, ई-मेल करके कहा- जहां मिलोगे, वहीं मार देंगे

**जयपुर।** जयपुर शहर से लगातार दो बार सांसद रहे रामचरण बोहरा को आज किसी ने ई-मेल के जरिये जान से मारने की धमकी देते हुए लिखा है कि दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे, वहीं जान से मार देंगे। जयपुर शहर के सांसद रहे रामचरण बोहरा को किसी ने ई मेल करके जान से मारने की धमकी दी है। सांसद के निजी सहायक ने इसकी रिपोर्ट जवाहर सर्कल थाने में की है। इसके बाद से ही पुलिस अलर्ट हो गई है और सांसद की सुरक्षा पर कड़ी नजर रखी जा रही है। मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए सांसद के निजी सहायक ने बताया कि अरविंद कुशवाह नाम के व्यक्ति ने 2 अप्रैल को सांसद के ई मेल पर जान से मारने की धमकी दी थी। हालांकि आज इस धमकी को 15 दिन का समय गुजर चुका है लेकिन सुरक्षा के बतौर एफआईआर पर कार्य करते हुए पुलिस पूरी निगरानी रख रही है।

### 261 साल से चल रहा अखंड रामनाम जप श्मशान में बैठकर संत ने किया था शुरू, अब देशभर में 1400 रामद्वारे

**जोधपुर।** रामनवमी पर जोधपुर शहर में आज विश्व हिंदू परिषद की ओर से शोभायात्रा निकाली जा रही है। शोभायात्रा की शुरूआत चांदपोल स्थित रामद्वारे से हुई थी। तब शाहपुरा पीठ के संस्थापक रामचरण जी महाराज की तस्वीर को रखकर रथ निकाला जाता था। धीरे-धीरे इसने शोभायात्रा का रूप ले लिया। तब से हर साल चैत्र नवरात्र पर शोभायात्रा निकाली जाती है। शोभायात्रा में 350 से ज्यादा झांकियों को शामिल किया जाता है, जिसका उद्देश्य राम नाम का प्रचार करना है।

# मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध अस्पतालों में मरीजों को हुई असुविधा की घटनाओं पर राज्य सरकार गंभीर

**जयपुर।** राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध चिकित्सालयों में स्टैण्डर्ड प्रोटोकॉल का पालन नहीं होने के कारण विगत दिनों मरीजों को हुई असुविधा के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए समस्त मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों एवं अस्पताल अधीक्षकों को चिकित्सा सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही, हिदायत दी है कि लापरवाही के कारण भविष्य में कोई घटना सामने आती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधीक्षक की होगी तथा दोषी लोकसेवक के विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि विगत दिनों एसएमएस अस्पताल में मरीज को गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ाने, कांवटिया अस्पताल के परिसर में महिला का प्रसव होने जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए समस्त मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्यों एवं अधीक्षकों को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पत्र लिखकर दिशा-निर्देश दिए हैं।




**ड्यूरी रोस्टर में पारदर्शिता का रखना होगा ध्यान, अधीक्षक करेंगे मॉनिटरिंग**

पत्र में कहा गया है कि चिकित्सालयों में ड्यूटी रोस्टर में पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जाए। सभी चिकित्सक रोस्टर के अनुसार ऑन फ्लोर एवं ऑन कॉल ड्यूटी पर उपस्थित रहें। रेजीडेन्ट चिकित्सकों के कार्यों एवं दायित्वों के सुपरविजन के लिए इमरजेंसी, लेबर रूम, आई.सी.यू. जैसे संवेदनशील स्थानों पर फैकल्टी की ड्यूटी आवश्यक रूप से लगाई जाए। चिकित्सक ड्यूटी रोस्टर के अनुसार सेवाएं दें, इसकी मॉनिटरिंग अस्पताल अधीक्षक के स्तर से की जाएगी। रोस्टर की अवहेलना की स्थिति में प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

स्टोर का नियमित निरीक्षण और उपकरणों के नियमित मेंटीनेंस के निर्देश

पत्र में अस्पतालों के स्टोर का नियमित भौतिक निरीक्षण करने, सभी उपकरणों एवं रिएजेन्ट्स की समुचित आपूर्ति के साथ ही उपकरणों एवं जांच मशीनों का नियमित मेंटीनेंस सुनिश्चित करने, ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता की नियमित जांच करने एवं वार्ड, आईसीयू, इमरजेंसी आदि में ऑक्सीजन की सुचारू आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि अस्पताल में पानी एवं बिजली की समुचित आपूर्ति हो। जनरेटर एवं पॉवर बैकअप की व्यवस्था आवश्यक रूप से हो, ताकि बिजली कटौती की स्थिति में जांच-उपचार आदि आवश्यक सेवाएं प्रभावित नहीं हो। कूलर, एसी एवं पंखे क्रियाशील हों और उनका समुचित मेंटीनेंस हो।

**रेजीडेंट्स से रखना होगा परस्पर संवाद, संवेदनशील स्थानों का औचक निरीक्षण**

दिशा-निर्देशों के अनुसार अस्पतालों में बेहतर व्यवस्थाओं और समन्वय की दृष्टि से प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक को कॉलेज में कार्यरत चिकित्सकों एवं जूनियर रेजीडेन्ट्स से परस्पर संवाद बनाए रखना होगा। व्यवस्थाओं में सुधार हेतु माह में एक बार अनिवार्य रूप से उनके साथ बैठक आयोजित की जाएगी। सभी प्रधानाचार्य, अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष वार्ड, आईसीयू, इमरजेंसी, ट्रोमा सेंटर सहित अस्पताल के संवेदनशील स्थानों का रात्रि में औचक निरीक्षण कर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कोई भी गंभीर प्रकरण होने पर तत्काल प्रभाव से राज्य सरकर के ध्यान में लाए जाने के निर्देश भी पत्र में दिए गए हैं। इन सभी निर्देशों की पालना रिपोर्ट हर माह की 10 तारीख तक अनिवार्य रूप से चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजनी होगी।

## राज्य में हीटवेव का अलर्ट - स्थानीय निकाय विभाग ने जारी की एडवाइजरी

जयपुर। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य में ग्रीष्म मौसम के लिए तापमान एवं वर्षा पर मार्च से मई 2024 के दौरान मौसमी आउटलुक जारी किया है। इस संबंध में राज्यों में हीटवेव की स्थिति के प्रभावी शमन और प्रबन्धन] लू एवं ताप से आमजन को राहत पहुंचाने के लिए एडवाईजरी जारी की गई है। स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक श्री सुरेश ओला ने बताया कि अप्रैल की शुरुआत से ही देश के ज्यादातर इलाकों में गर्मी का असर शुरू हो गया है। राजस्थान सहित कई राज्यों में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। राज्य के कई शहरों में तापमान नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। उसी के मद्देनजर आमजन को राहत देने के लिए यह एडवाइजरी जारी की जा रही है। क्या करें- क पर्याप्त पानी] ओआरएस] घर के बने पेय जैसे लस्सी] नींबू का पानी तथा छाछ आदि का सेवन करें। कहल्के रंग के ढीले] सूती कपड़े पहनें। घर से बाहर जाते समय अपना सिर ढकें। कपड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करें। कआंखों की सुरक्षा के लिए धूप के चश्मे का प्रयोग करे और त्वचा की सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन लगायें। कश्रमिकों के लिए कार्य स्थल पर ठंडे पेयजल का प्रबंध करें। उन्हें लू से संबंधित चेतावनी के बारे में सूचित करें। कजिन श्रमिकों के लिए गर्मी वाले क्षेत्र नए हो] उन्हें हल्का काम और कम घंटों का काम दें। क बंद वाहन में बच्चों या पालतू जानवरों को कभी अकेला ना छोड़ें। कप्रदूषण कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन व कार पूलिंग का उपयोग करें एवं पेड़ लगा,ड्ड। कपशुओं को छाया में रखें और उन्हे पीने के लिए पर्याप्त] स्वच्छ और ठंडा पानी दे। साथ ही हरी घास] प्रोटीन-वसा पूरक] खनिज मिश्रण और नमक दें। कम गर्मी वाले घंटों के दौरान ही उन्हें बाहर चरने दें। क्या ना करें- क धूप में बाहर जाने से बचें] खासकर दोपहर 12 से 03 बजे के मध्य। नंगे पांव बाहर न जायें। क शराब] चाय] कॉफी और कॉर्बोनेटेड शीतल पेय से बचें वे शरीर को निर्जलित करते हैं। कऐसे बल्बों का उपयोग करने से बचे जो अनावश्यक गर्मी उत्पन्न करते हैं।

## एक शाम राष्ट्र के नाम कवि सम्मेलन का किशनगढ़ में सफल आयोजन

किशनगढ़। मंगलवार शाम किशनगढ़ में तिलक गार्डन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कवियों ने अपनी विभिन्न काव्य रचनाएं प्रस्तुत कर समां बांध दिया। एक शाम राष्ट्र के नाम के अंतर्गत आयोजित कवि सम्मेलन का शुभारंभ शिवांगी सिकरवार ने सरस्वती वंदना कर की। सम्मेलन में कवियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत काव्य रचनाओं का प्रवाह किया। जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा। कविगणों ने अपनी रचनाओं के जरिए राष्ट्र जागरण, संस्कृति, महिला सशक्तिकरण जैसे




सामाजिक मुद्दों पर अपनी प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर कवियों ने मंच से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की।कार्यक्रम में जयपुर से किशोर पारीक किशोर, बारां से शिवांगी सिंह सिकरवार, केकडी से अशोक चारण, भीलवाड़ा से प्रहलाद पारीक, केकडी से कमलेश कुमार, कोटा से आदित्य जैन, बांदीकुई से लोकेन्द्र भारद्वाज, किशनगढ़ से राहुल उपस्थित रहे। कवि किशोर पारीक किशोर की रचना, नाम राम का लेकर मरता, राम राम कर जीता, राम हमारे घट घट वासी, हृदय निवासिनी सीता, सुना कर श्रोताओं को जोश से भर दिया। कवयित्री शिवांगी सिंह सिकरवार ने, ओढ़ के केसरी मैं शक्ति को दर्शाती हूं, हो जाऊं मैं सफेद सत्य कहलाती हूं, मैं हूँ ध्वज राष्ट्र का, प्रतीक हूँ गौरव का मैं, बनके समृद्धि मैं हरियाली भी बन जाती हूं।, गाकर मातृ शक्ति के सम्मान की बात की।

## चुनाव प्रचार के अंतिम दिन नागौर पहुंचेंगे अशोक गहलोत, हनुमान के पक्ष में करेंगे मतदान की अपील

**नागौर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज इंडी गठबंधन प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल के समर्थन में सभा को संबोधित नागौर पहुंच रहे हैं। वे यहां मानासर स्थित पशु प्रदर्शनी स्थल पर सभा को संबोधित करेंगे। पूर्व सीएम अशोक गहलोत जैसलमेर में चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद जयपुर होते हुए दोपहर एक बजे रालोपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल के समर्थन में सभा को संबोधित करने नागौर आएंगे। उनके साथ बीकानेर से कांग्रेस प्रत्याशी गोविंदराम मेघवाल के भी नागौर पहुंचने की संभावना है। इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के साथ गठबंधन कर हनुमान बेनीवाल को भाजपा प्रत्याशी डॉ. ज्योति मिर्धा के सामने मैदान में उतार दिया। आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन भी है।

ज्योति मिर्धा के समर्थन में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी दो बार यहां सभाएं कर चुके हैं। वहीं डिप्टी सीएम दीया कुमारी भी परबतसर में अपना दम भर चुकी हैं लेकिन इंडी गठबंधन प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल के समर्थन में कोई कांग्रेस पार्टी से कोई भी राष्ट्रीय स्तर के नेता यहां नहीं पहुंचे हैं। ऐसे में आज राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नागौर के मानासर स्थित पशु प्रदर्शनी स्थल पर इंडी गठबंधन प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरदार शहर में विशाल रामनवमी शोभायात्रा में की शिरकत

सरदारशहर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को चुरू जिले के सरदारशहर में भव्य विशाल रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भव्य झांकियों के दर्शन किए और केसरिया पहने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। शर्मा ने जय श्री राम के नारे लगाकर भगवा रैली में शामिल हजारों श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन भी किया। मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 साल बाद यह पहली रामनवमी आई है, जब रामलला अयोध्या में भव्य एवं दिव्य राममंदिर में विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी बीजेपी प्रदेश की सभी 25 सीटें भारी मतों से जीतेगी और श्री नरेन्द्र मोदी 400 से ज्यादा सीटों के साथ फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। शोभायात्रा में चुरू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझरिया,



विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अशोक पींचा सहित गणमान्य एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने जयपुर स्थित निजी आवास पर चैत्र नवरात्रि के नवम दिवस महानवमी के शुभ अवसर पर कन्या पूजन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मां भगवती के नवरूपों की आराधना का यह पर्व नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। उन्होंने शक्ति स्वरूपा जगदम्बा का आशीर्वाद प्रदेश के सभी परिवारजनों पर बने रहने की कामना की।

## ऑनलाइन क्रिकेट का सट्टा चलाते 6 सटोरिये पुलिस हिरासत में, हिसाब के रजिस्टर समेत अन्य सामान बरामद




**जयपुर।** ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट का सट्टा चला रहे 6 लोगों को जयपुर की हरमाड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से मोबाइल और लेपटॉप के साथ ही करोड़ों रुपये के सट्टे के हिसाब का एक रजिस्टर भी बरामद हुआ है। शहर की हरमाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट का सट्टा चला रहे 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को इनके पास से तीन लैपटॉप, 18 मोबाइल, जिओ फाइबर राउटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया है। थानाधिकारी दिलीप खदाव के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने कार्रवाई कर श्रवण सिंह चौधरी, अजित सिंह, हिम्मत सिंह, प्रकाश चंद, देवीलाल और विष्णु खटीक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल, लैपटॉप और करोड़ों रुपयों के सट्टे के हिसाब का रजिस्टर जब्त किया है। आरोपियों ने पुलिस से छिपने के लिए टोड़ी मोड़ पर एक बाड़े में बने कमरे को सट्टा चलाने का ऑफिस बना रखा था लेकिन पुलिस ने जगह ढूंढकर आरोपियों को धरदबोचा। अब पुलिस ने सटोरियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस का वचन पत्र लॉन्च, वैभव गहलोत बोले, यह अगले 5 साल में जालोर की तस्वीर और तकदीर बदल देगा

रानीवाड़ा (जालोर)। जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने बुधवार को अपना वचन पत्र जारी कर दिया। वचन पत्र में रोजगार मेलों के जरिए 10 हजार से अधिक स्थानीय युवाओं को नौकरियां देने का वादा वैभव ने किया। उन्होंने युवाओं के लिए अगले पांच साल में 100 स्टार्टअप्स खुलवाने की भी बात कहीं। वैभव ने जालोर से जयपुर, दिल्ली, हैदराबाद, कोयम्बटूर, चैन्नई, बैंगलूरु के लिए नियमित यात्री रेलगाड़ियां चलवाने, सिरोही-जालोर मार्ग को फोरलेन करा नेशनल हाइवे घोषित कराने, आबूरोड हवाई पट्टी को एयरपोर्ट बनाकर वहां से नियमित उड़ानें शुरू कराने का वादा किया। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र की जनता को जवाई बांध के पानी से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा और माही-व्यास का पानी भी जालोर-सिरोही तक लाने के प्रयास किए जाएंगे। रानीवाड़ा के कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह वचन पत्र जालोर, सांचौर और सिरोही जिलों की तरक्की का रास्ता खोलता है। इस मैनिफेस्टो में जालोर के सभी आयु व वर्गों का ध्यान रखा गया है। मैनिफेस्टो के रोडमैप को आमजन से विचार-विमर्श कर इस तरह बनाया गया है कि यह लोकसभा क्षेत्र की जनता की सभी बुनियादी जरूरतों और तरक्की की संभावनाओं को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि मैनिफेस्टो का रोडमैप आने वाले पांच साल में तीनों जिलों की तस्वीर बदल देगा, तकदीर बदल देगा।

**20 साल से तरक्की की बाट जोह रहे हैं जालोर, सांचौर, सिरोही :** पत्रकारों से संवाद में वैभव ने कहा कि आप अच्छी तरह जानते हैं कि जालोर लोकसभा क्षेत्र पिछले 20 वर्षों से तरक्की की बाट जोह रहा है। यहां लगातार भाजपा सांसद रहे, देवजी पटेल तो लगातार 15 वर्षों तक यहां




के सांसद रहे, लेकिन जालोर, सिरोही जिलों को तो छोड़ो, सांचौर क्षेत्र का भी विकास वे ढंग से नहीं करा पाए। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे मारवाड़ी भाई-बंधु पेयजल, सिंचाई जल, बुनियादी विकास, रोजगार, पलायन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं। जालोर लोकसभा क्षेत्र में प्रवासी बंधुओं के लिए न ट्रेन कनेक्टिविटी है न ही एयर कनेक्टिविटी। आने-जाने के लिए जोधपुर या अहमदाबाद जाना पड़ता है। ग्रेनाइट, पर्यटन, जीरा, सौंफ के उद्योग यहां की पहचान हैं, लेकिन इन उद्योगों के विकास के लिए भाजपा ने कुछ नहीं किया। युवाओं, महिलाओं के विषयों को भी भाजपा सांसदों ने दरकिनार किया है। कहने को डबल इंजन की सरकार है, लेकिन वह विकास के लिए नहीं केवल राजनीति करने के लिए है।

**जोधपुर की तर्ज पर विकसित होगा जालोर :** वैभव ने कहा कि अशोक गहलोत के नेतृत्व में पिछली कांग्रेस सरकार ने जनकल्याण के लिए काफी काम किया है। बुनियादी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई से राहत, पशुबीमा आदि क्षेत्रों में कई अनूठे निर्णय लिए गए। लेकिन साढ़े तीन महीने की भाजपा सरकार ने जिस तरह योजनाओं को बंद किया है, उससे जालोर की जनता में नाराजगी है। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि अशोक गहलोत ने जिस तरह जोधपुर का विकास कराने में जान झोंक दी, वहां हर सुख-सुविधा उपलब्ध कराई, विश्व पटल पर जोधपुर का नाम ऊंचा किया, वैसे ही प्रयास मैं जालोर लोकसभा क्षेत्र के लिए करूंगा। जालोर, सांचौर और सिरोही तीनों जिलों को पिछड़ा नहीं रहने दिया जाएगा।

**जनता, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों से संवाद कर तैयार किया वचन पत्र**

वैभव ने कहा कि यह वचन पत्र आमजन की समस्याओं, मांगों, जरूरतों और भावी संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि वे जालोर लोकसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं और प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से संवाद कर रहे हैं। जालोर, सांचौर और सिरोही तीनों ही जिलों के लोगों की आवश्यकताओं को लेकर जनता, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों और कार्यकर्ताओं से संवाद कर तरक्की एक्सप्रेस का रोडमैप तैयार किया है।